केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Human Resource Development, Govt. of India)

बोर्ड स्पष्टीकरण

27.02.2020

सीबीएसई कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाएँ देशभर में 15 फरवरी से आयोजित की जा रही हैं| तथापि, शिक्षा निदेशालय, दिल्ली सरकार के अनुरोध पर विचार करते हुए और दिल्ली के उत्तर पूर्वी हिस्से में विद्यार्थियों, स्टाफ और माता-पिता को असुविधा से बचाने के लिए दिल्ली के उत्तर पूर्वी हिस्से में निम्नलिखित परीक्षाएं स्थगित करनी पड़ी:-

दिनांक 26.02.2020:

Class X	101 - English Communicative 184 - English Language & Literature
Class XII	796 - Web Application (Old) 803 - Web Application (New) 821 - Media

दिनांक 27.02.2020:

Class XII	001 English Elective 101 English Elective C 301 English Core

देश के शेष भागों और विदेश में स्थित केन्द्रों सहित दिल्ली के शेष भागों में परीक्षाएं निर्धारित तिथियों पर ही आयोजित की गई हैं।

बोर्ड ने सभी विद्यालयों, विशेषकर प्रभावित क्षेत्र में स्थित विद्यालयों के साथ नियमित संपर्क बनाए रखा है तथा यह संज्ञान में लाया गया है कि शहर की परिस्थियों के कारण प्रभावित क्षेत्र में रहने वाले कुछ विद्यार्थी प्रभावित क्षेत्र से बाहर या इसके विपरीत परीक्षा में नहीं बैठ पाए हैं। अतः विद्यार्थियों के भावी हितों को ध्यान में रखते हुए, बोर्ड ने प्रधानाचार्यों से ऐसे सभी कक्षा X और XII के विद्यार्थियों का विवरण संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को भेजने के लिए कहा है जो अब तक इन मुश्किलों के कारण दिल्ली में परीक्षा में नहीं बैठ पाए हैं।

विद्यार्थियों का तनाव कम करने के लिए, बोर्ड द्वारा इन विद्यार्थियों के लिए नए सिरे से परीक्षा आयोजित की जाएगी। प्रभावित विद्यार्थियों के लिए परीक्षा की अगली तिथि शीघ्र ही अधिसूचित की जाएगी।

Anurag Tripathi

अनुराग त्रिपाठी
सचिव, सीबीएसई

"शिक्षा केन्द्र", 2, सामुदायिक केन्द्र, प्रीत विहार, दिल्ली-110092
"SHIKSHA KENDRA" 2, COMMUNITY CENTRE, PREET VIHAR, DELHI-110092
Phone (off.) : 011-22509256-59, 22041807-08, Website: www.cbse.gov.in, www.cbse.nic.in